उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1482 (संवाद–17) दिनांक /Date.: 06.12.2019

अभ्यर्थियों द्वारा OTR User name व Password को संभाल कर रखने के संबंध में

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं में भाग लेने वाले तथा नये आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों से यह विशेष अनुरोध है कि वे अपनी OTR User name व Password याद रखें, साथ ही उसे अपने मोबाइल या कम्प्यूटर डिवाइस में रखने के साथ अपनी डायरी तथा आयोग की परीक्षाओं के आवेदन प्रपत्रों में भी अलग–अलग स्थानों पर नोट करके रखें।

मैं आप सभी से हाल ही में आयोजित पदकोड–133/134 (मा0 उच्च न्यायाल के अधीन कनिष्ठ सहायक व आशुलिपिक) की लिखित परीक्षा का अनुभव साझा करना चाहता हूं। इस परीक्षा में लगभग 300 अभ्यर्थियों द्वारा अपने User name व Password भूल जाने के कारण आयोग को दूरभाष तथा E.Mail पर अनुरोध किया गया तथा आयोग द्वारा उन सभी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में सहायता उपलब्ध कराई गयी। इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों द्वारा अपना User name व Password भूल जाना व अपने पास सुरक्षित न रखना गंभीर लापरवाही है। कृपया भविष्य में ऐसी गलती न दोहरायें इससे आयोग का कार्यभार भी अनावश्यक रूप से बढ़ जाता है।

आपको पुनः याद दिलाना है कि OTR आपका एक स्थाई Profile है व इससे आपको आयोग के विभिन्न आवेदन पत्र भरने में अत्यंत सुगमता होगी। विभिन्न परीक्षाओं से संबंधित जानकारी आपको इस Profile से मिलेगी अतः अपने User name व Password को इसके लिए सुरक्षित रखना आवश्यक है।

यहां यह भी अनुरोध है कि अब अगला आवेदन पत्र भरने से पूर्व अपने OTR का विवरण पुनः एक बार चेक कर लें व OTR विवरण पूर्ण रूप से शुद्व व सही होने पर ही अगला आवेदन भरें, क्योंकि OTR में भरी गयी जानकारी ही आवेदन पत्र में स्वतः आयेगी।

कृपया इसमें सावधानी रखें, धन्यवाद।

6/12

(संतोष बडोनी)
सचिव।